**27/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्र सरकार ने घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाले जनसांख्यिकीय बदलावों की चुनौतियों से निपटने के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश, जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नाओलेकर करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि, "अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों के लिए, सांस्कृतिक विरासत, जनसांख्यिकीय संतुलन और सामाजिक सद्भाव की रक्षा करना केवल एक नीतिगत मामला नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी एक ज़िम्मेदारी भी है।"

0000000000000000000000000000

ईटानगर में आज मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में स्वदेशी अधिकारों की सुरक्षा, इनर लाइन परमिट -ILP और APST से संबंधित विषयों पर सात घंटे लंबी परामर्श बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री चौना मेन, छात्र संगठन, कानूनी विशेषज्ञ, राजनीतिक दल, CBOs, सामुदायिक आधारित संगठन और विभिन्न सिविल सोसाइटी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि राज्य में अवैध घुसपैठ की समस्या को रोकने के लिए एक अलग और समर्पित ILP विभाग की

स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि अरुणाचल इंडिजिनस ट्राइब्स फोरम, AAPSU, ST बचाओ आंदोलन समिति और कानूनी विशेषज्ञों के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को उनतीस तारीख को एक उच्च स्तरीय फॉलो-अप बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है, ताकि राज्य के भविष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया जा सके।

000000000000000000000000000

मंत्रिमंडल ने "सहायता योजना (राशन परिवहन एवं हैंडलिंग - PDS में स्वचालन के साथ)" यानी SARTHAK-PDS को एक अम्ब्रेला योजना के रूप में सोलहवें वित्त आयोग चक्र यानी Finance Commission cycle की अवधि में जारी रखने को मंजूरी दी है। इसमें केंद्र का कुल व्यय पच्चीस हज़ार पांच सौ तीस करोड़ रुपये होगा। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना राज्य एजेंसियों को राज्य के भीतर खाद्यान्न के परिवहन में सहायता देगी, उचित मूल्य की दुकानों को समर्थन प्रदान करेगी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के आधुनिकीकरण में मदद करेगी।

000000000000000000000000000

लिकाबाली स्थित उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की एक समन्वय बैठक आयोजित की गई।

बैठक लोअर सियाङ जिला निर्वाचन अधिकारी गोबी न्यीक्योर के देख रेख में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पूरे राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित सभी हितधारकों को अवगत कराना था। बैठक में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष कारदो न्यीगयोर ने नागरिकों से अपील की है कि वे पुनरीक्षण प्रक्रिया का सख्ती से पालन करें। उन्होंने राजनीतिक दलों से भी अपील की कि वे इच्छुक मतदाताओं के नामांकन में सटीकता रखें और इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाइक रिटायर्ड ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के तहत आयोजित 'युवा संगम' कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश और नॉर्थ ईस्टर्न रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (NERIST) से आए भाग लेने वाले छात्रों से बातचीत की। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल के महत्व पर जोर देते हुए, राज्यपाल ने युवाओं को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जो सांस्कृतिक समझ, भावनात्मक जुड़ाव और साझा राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देते हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि उत्तर प्रदेश के छात्रों की यह यात्रा मित्रता के बंधन को मजबूत

करेगी और पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा वहां के लोगों के बारे में उनकी समझ को और गहरा करेगी।

000000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने राज्य के लोगों विशेषकर मुस्लिम समुदाय को ईद-उल-ज़ुहा की शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भारत की शक्ति उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, "विविधता में एकता" और विभिन्न धर्मों व परंपराओं के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में निहित है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-ज़ुहा भाईचारे, आपसी सम्मान, उदारता और सामाजिक सद्भाव की भावना को प्रेरित करती है, साथ ही यह हमें जरूरतमंदों के साथ खुशी साझा करने और उनकी देखभाल करने की सीख देती है।

000000000000000000000000000

तवांग में उपायुक्त कार्यालय कॉनफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त नामग्याल आंगमो ने सभी हितधारकों से मादक पदार्थों की तस्करी और संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए समन्वय और सहयोग को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने समाज में नशा रोकथाम और बाल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

0000000000000000000000000000

ईटानगर नगर निगम (IMC) ने राष्ट्रीय राजमार्ग-चार सौ पंद्रह के किनारे राजधानी क्षेत्र में संचालित सभी सड़क किनारे के मांस, फल और सब्जी विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे दस दिनों के भीतर अपना संचालन बंद कर सड़क किनारे के क्षेत्र खाली कर दें। यह कदम जन स्वास्थ्य की सुरक्षा और यातायात जाम को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

0000000000000000000000000000